वन अनुसंधान संस्थान में पाँच दिवसीय हिंदी प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ

वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून के हिंदी अनुभाग द्वारा संस्थान में 23 से 27 नवंबर, 2020 तक "हिन्दी में टाइपिंग" विषय पर पाँच दिवसीय हिंदी प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में विभिन्न प्रभागों/अनुभागों/कार्यालयों से कुल 45 प्रशिक्षार्थियों को संस्थान के सूचना प्रौद्योगिकी एवं जीआईएस शाखा के कंप्यूटर लैब में प्रशिक्षण दिया गया। दिनांक 23 नवंबर , 2020 को प्रारम्भ हिन्दी कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में संस्थान की कुलसचिव श्रीमती नीलिमा शाह, महोदया ने प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के लिए सबकी सराहना की। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित श्री संजीव खुगशाल , अनुभाग अधिकारी एवं श्री रमेश सिंह , सहायक ने हिन्दी टाइपिंग पर प्रस्तुति रखी। श्री शंकर शर्मा , सहायक निदेशक (राजभाषा) के संचालन में आयोजित कार्यशाला में प्रतिभागियों को दिनांक 27 नवंबर, 2020 तक प्रतिदिन 1 घंटे के लिए हिन्दी टाइपिंग पर अभ्यास आधारित प्रशिक्षण दिया जाएगा।

<u>हिंदी प्रशिक्षण कार्यशाला की कुछ झलकियाँ</u>

पाँच दिवसीय
हिन्दी प्रशिक्षण कार्यशाला
दिनांक : 23 से 27 नवम्बर, 2020
विषय : हिन्दी में टाइपिंग
आयोजक : हिन्दी अनुभाग, वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून